हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार 10 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 17 .0 डिग्री
न्यूनतम 6 .0 डिग्री

15 किसान व मजदूरों के मसीहा थे सर छोटूराम



16 प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते 2 पदक



# तीन खौफनाक वारदातों से हिला जिला

**घरेलू कलह : रामकिशन मर्डर में आरोपी पत्नी को पुलिस ने अदालत में पेश किया**

## सरिता बोली-14 सालों से कैद जैसी जिंदगी जी रही थी, असली जेल उससे कहीं बेहतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत के कामी रोड स्थित आशीर्वाद गार्डन में केयरटेकर रामकिशन की हत्या के मामले में बड़ा खुलासा होने के बाद पुलिस ने पत्नी सरिता को शुक्रवार को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। सरिता इससे पहले दो दिन के पुलिस रिमांड पर थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार सरिता को अपने कृत्य को लेकर कोई पछतावा नहीं है, बल्कि उसका कहना है कि वह पिछले 14 साल से जेल जैसी जिंदगी जी रही थी और अब की जेल उससे कहीं बेहतर है। घटना 5 जनवरी की रात की है। गोहाना तहसील के गांव ककाना भादरी निवासी 38 वर्षीय रामकिशन पिछले करीब एक साल से सोनीपत में काम कर रहा था। चार महीने पहले उसे आशीर्वाद गार्डन में चौकीदारी का काम मिला था, जहां रहने के लिए दो कमरे दिए गए थे। एक कमरे में रामकिशन अपनी पत्नी सरिता के साथ रहता था, जबकि दूसरे कमरे में उसकी 85 वर्षीय मां रुक्मणि देवी और तीन बेटे रहते थे। परिजनों के अनुसार उस रात सरिता और बेटे कुणाल के बीच मारपीट हुई थी। जब रामकिशन को इसकी जानकारी मिली तो दोनों में विवाद हो गया। सरिता ने तीन हजार रुपये मांगे, लेकिन रामकिशन ने देने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर झगड़ा बढ़ा और बाद में दोनों ने साथ खाना खाकर सोने का फैसला किया। अगली सुबह सरिता चाय और रस्क खाकर घर से निकल गई। कुछ समय बाद जब बड़ा बेटा कुणाल पिता को जगाने पहुंचा तो रामकिशन मृत मिला।



- सरिता के सतपाल के साथ अवैध संबंध थे, पति रामकिशन करता था विरोध
- आरोपी सतपाल फरार, रिमांड खत्म होने पर अदालत ने सरित को जेल भेजा

### पति की हत्या पर कोई अफसोस नहीं, बेटों को नानी के पास छोड़ा

इस मामले में एक चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई है कि सरिता को अपने पति की हत्या का कोई अफसोस नहीं है। उसने आरोप लगाया कि रामकिशन उसके साथ मारपीट करता था और अश्लील फिल्में दिखाकर गैर प्राकृतिक यौनाचार के लिए मजबूर करता था। सरिता ने अपने छोटे दोनों बेटों को मायके गांव ठरू में अपनी मां भतेरी के पास छोड़ दिया है। पुलिस अब फरार सतपाल की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर रही है।

### सतपाल ने तकिये से मुंह दबाया, सरिता ने पति रामकिशन का निजी अंग दबाकर मारा

पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या प्राइवेट पार्ट दबाकर की गई थी। आगे की जांच में खुलासा हुआ कि सरिता के सतपाल नामक व्यक्ति से संबंध थे, जिससे उसकी पहचान रामकिशन की जेल के दौरान हुई थी। सतपाल जमानत पर बाहर आने के बाद मैरिज गार्डन के पास ही किराये पर रहने लगा और सरिता से मिलने आता-जाता था। इस बात को लेकर रामकिशन नाराज रहता था। पुलिस के अनुसार इसी रंजिश में सतपाल ने तकिये से मुंह दबाया और सरिता ने प्राइवेट पार्ट दबाकर हत्या को अंजाम दिया। पुलिस ने 7 जनवरी को सरिता को गिरफ्तार किया था, जबकि सतपाल अब भी फरार है। सरिता का कहना है कि वह सतपाल का ठिकाना नहीं जानती। रिमांड खत्म होने के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

**घर पर डाका : मल्हा माजरा लूट और हत्या मामले में पुलिस का बड़ा खुलासा**

## लुटेरों ने यूपी लहजे में मां-बेटे को गालियां दी, साहिल को चाकू घोंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गांव मल्हा माजरा में लूटपाट के दौरान युवक की हत्या कर फरार हुए बदमाशों का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस की आठ टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं, लेकिन हमलावर पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। इससे गांव में शोक के साथ-साथ गुस्से का माहौल भी बना हुआ है। जांच में एक अहम सुराग यह सामने आया है कि बदमाशों की बातचीत स्थानीय लहजे के साथ उत्तर प्रदेश जैसी बोली में थी। इसी आधार पर पुलिस आसपास के क्षेत्रों और सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय संदिग्धों का रिकॉर्ड खंगाल रही है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के जरिए बदमाशों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

वीरवार देर रात बदमाश घर के पिछले हिस्से से अंदर घुसे थे। पीड़िता सुनीता के अनुसार वह और उनका 26 वर्षीय बेटा साहिल अलग-अलग कमरों में सो रहे थे। उनकी पुत्रवधू पिंकी मायके गई हुई थी, जबकि बड़ा बेटा भारतीय वायु सेना में कार्यरत है और परिवार सहित राजस्थान में रहता है। घर आबादी क्षेत्र से दूर होने का फायदा उठाकर हथियारबंद बदमाशों ने लूटपाट शुरू कर दी। साहिल ने घर में सामान न होने की बात कही तो बदमाशों ने उसके सीने में चाकू घोंप दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

हमलावर सुनीता की बालियां और अंगूठी छीनने के साथ-साथ घर से सोने की चेन, अंगूठी, चांदी की छह जोड़ी पाजेब, छह-सात हजार रुपये और मोबाइल लूट ले गए। पुलिस ने हत्या और लूट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।



- 26 वर्षीय साहिल की हत्या से ग्रामीण आक्रोशित
- आठ टीमें दिनभर जांच में जुटी रही

### वारदात से गांव में दहशत का माहौल

घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश दोनों है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की वारदात से इलाके की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं और आरोपितों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाई जाए। इससे दूसरे लोगों को भी सबक मिलेगा।

### तकनीकी व मानवीय इनपुट जुटाए जा रहे

मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही बदमाशों को पकड़ लिया जाएगा। कई टीमें अलग-अलग स्थानों पर दबिश दे रही हैं और तकनीकी व मानवीय इनपुट के आधार पर कार्रवाई जारी है। सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और अन्य तकनीकी साक्ष्य भी जुटाए जा रहे है।
-राजपाल, एसीपी क्राइम

**रंजिश का बदला : एक माह से लापता अधेड़ अब जिंदा नहीं**

## रामफल की हत्या कर शव जलाया

**गोहाना।** गांव बिचपड़ी से एक माह पहले रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हुए 57 वर्ष के रामफल के घटनाक्रम में चौंकाने वाली वारदात सामने आई है। आरोपितों ने उसकी हत्या करके शव को जला दिया था। आरोपितों ने बाद में एक दुकानदार को धमकी दी तो भेद खुल गया। इसके बाद पुलिस ने वारदात का राजफाश करते हुए गांव बिचपड़ी के अजय व अनिकेत को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपितों को अदालत में पेश करके सात दिन के रिमांड पर ले लिया। रामफल करीब एक माह पहले अचानक लापता हो गया था। वह अविवाहित था और कूड़ा बीनने का काम करता था। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं लगा तो स्वजन की चिंता बढ़ती गई। 18 दिसंबर 2025 को भतीजे सत्यवान ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट सदर थाना गोहाना में दर्ज कराई थी। इस बीच सात जनवरी को उसके भतीजे सत्यवान ने पुलिस के सामने शक जताया कि कुछ युवकों पर उसके चाचा की हत्या की थी। पुलिस ने आरोपित गांव के अनिकेत व अजय को गिरफ्तार किया। आरोपितों ने सख्ती से पूछताछ की तो उनका राजफाश हो गया।

- पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर सात दिन के रिमांड पर लिया

### आरोपी अनिकेत चाचा की मौत के बाद से रामफल से रखता था रंजिश

वारदात के बाद आरोपित काफी समय तक चुप रहे लेकिन बाद में उन्होंने एक दुकानदार को धमकी दे दी। दुकानदार ने डर के चलते यह बात अन्य लोगों को बताई, जिसके बाद पूरे मामले का भेद खुल गया। जांच अधिकारी राहुल ने बताया कि शुरूआती पूछताछ में सामने आया कि अनिकेत के चाचा प्रदीप की पहले ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौत हो गई थी। अनिकेत को लगता था कि रामफल उससे चाचा को उस समय बचा सकता था लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। इसी रंजिश में साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया।

**खबर संक्षेप**

### फ्लैट का शीशा तोड़कर सामान चोरी कर ले गए

**सोनीपत।** कुंडली में एक सोसाइटी के फ्लैट में शीशा तोड़कर चोरी कर ली गई। पुलिस ने दिल्ली की एक छात्रा की मां के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। चोरों की पहचान के लिए सोसाइटी के सीसीटीवी की फुटेज भी खंगाली जा रही हैं। नई दिल्ली के महिपालपुर निवासी सविता डबास ने कुंडली थाने की पुलिस को लिखित शिकायत दी है। सविता ने बताया कि उनकी बेटी रिया डबास राजीव गांधी एजुकेशन सिटी की वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन की छात्रा है। रिया अपनी सहपाठी परमवीर कौर निवासी पांडव नगर दिल्ली व पावनी अहलावत निवासी हैदराबाद के साथ टीडीआई लेक ग्रोव सोसायटी में रहती है। सर्दियों की छुट्टियों में 24 दिसंबर 2025 को ये घर आ गईं। 8 जनवरी को फ्लैट पर लौटीं तो कमरे से शीशा गायब था। इसी रास्ते से अंदर घुस चोरों ने फ्लैट से तीनों छात्राओं का हजारों का सामान चुरा लिया।

### चिड़ाना के ट्रक की टक्कर से बुजुर्ग व्यक्ति की मौत

**गोहाना।** रोहतक-पानीपत हाई-वे स्थित गांव चिड़ाना के पास ट्रक की टक्कर से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव चिड़ाना के 67 साल के जयनारायण के रूप में हुई है। महेंद्र ने पुलिस को बताया कि उसके पिता जय नारायण फेरी लगाकर कपड़ा बेचने का काम करते थे। उसके पिता अपने दो पहिया वाहन पर किसी कार्य से गांव के मंदिर गए थे। काम पूरा होने के बाद वे जब गांव के बस अड्डे के पास पहुंचे, तभी पानीपत की तरफ से आए तेज रफ्तार ट्रेक ने उसके पिता को टक्कर मार दी।

### पावर हाउस से तार चोरी का आरोपी पकड़ा

**गोहाना।** सदर थाना गोहाना पुलिस ने एसपी माजरा गांव स्थित 33 केवी सब स्टेशन पावर हाउस से चार कोर केबल चोरी करने की घटना में सलिप्त तीसरे आरोपित को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित करनाल के खटीक मोहल्ला निसिंग निवासी अंकित पुत्र मेहरचन्द है। पुलिस ने आरोपित से 3 हजार 90 रुपये भी बरामद किए। 10 फरवरी 2025 को बिजली विभाग के एसडीओ सुनील ने थाना सदर गोहाना में पावर हाउस से 37 सौ मीटर 4 कोर केबल चोरी की शिकायत दी थी। थाना सदर गोहाना की अनुसंधान टीम मे नियुक्त सहायक उप निरीक्षक विनोद ने अपनी पुलिस टीम के साथ घटना मे संलिप्त दो आरोपित परविन्द्र व सोनू को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

**सात को रद्द हो गई थी बैठक आयुक्त ने पत्र जारी किया**

## निगम चुनाव : वार्डों के आरक्षण के लिए 14 को होगी मूल्यांकन समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नगर निगम चुनाव को लेकर वार्डों के आरक्षण के लिए मूल्यांकन समिति की बैठक अब 14 जनवरी होनी तय हुई है। बैठक लघु सचिवालय स्थित प्रथम तल पर बने कांफ्रेंस हॉल में शाम 4 बजे होगी। प्रशासन की ओर से बैठक को लेकर नगर निगम आयुक्त व संयुक्त आयुक्त को पत्र भी जारी कर दिया गया है।

### आठ को पूरा हो चुका कार्यकाल

इससे पहले 7 जनवरी को होने वाली बैठक को बिना कारण बताए अचानक स्थगित कर दिया था। नगर निगम के मेयर व पार्षदों का 8 जनवरी को कार्यकाल पूरा हो चुका है। ऐसे में निगम चुनाव को लेकर वार्डबंदी के लिए 26 दिसंबर 2025 को अधिसूचना जारी कर दी गई थी। सोनीपत निगम चुनाव को लेकर क्षेत्र में 20 के बजाय 22 वार्ड प्रस्तावित किए गए हैं। प्रदेश सरकार की ओर से 26 दिसंबर 2025 को सोनीपत नगर निगम की वार्डबंदी के अंतिम आदेश जारी किए जा चुके हैं। सरकार की अधिसूचना के तहत नगर निगम क्षेत्र के कुल वार्डों में से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जाति महिला, पिछड़ा वर्ग ए, पिछड़ा वर्ग बी महिला, महिला व सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित किए जाने वाले वार्डों की संख्या पहले ही निर्धारित की जा चुकी है। इनमें 4 सीट अनुसूचित जाति, 3 पिछड़ा वर्ग ए व बी, 8 सीट महिला वर्ग व अन्य सामान्य वर्ग को आरक्षित की जानी है।

बैठक में नगर निगम आयुक्त, संयुक्त आयुक्त, नगर निगम के प्रतिनिधि तथा संबंधित अधिकारी व कर्मचारी भाग लेंगे। उपायुक्त कार्यालय की ओर से संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी सुनिश्चित कर बैठक में समय पर उपस्थित रहें।




- 20 के बजाय 22 वार्ड प्रस्तावित, 4 सीट अनुसूचित जाति, 3 पिछड़ा वर्ग ए व बी, 8 सीट महिला वर्ग व अन्य के लिए आरक्षित

## निफ्टम चौक पर ईको की टक्कर से श्रमिक की जान गई

**सोनीपत।** कुंडली स्थित निफ्टम चौक पर तेज रफ्तार ईको वैन की टक्कर से एक फैक्ट्री श्रमिक की मौत हो गई। कुंडली थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके चालक की तलाश शुरू कर दी हैं। यूपी के रामपुर जिले के गांव मंगोली निवासी संजय ने बताया कि उनके बड़े भाई विजय कुंडली की एक कंपनी में काम करते थे। वह गांव के ही युवक वीरपाल के साथ ड्यूटी के बाद सब्जी लेने के लिए जा रहे थे। निफ्टम चौक पर तेज रफ्तार ईको वैन ने उसके भाई को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में वीरपाल बाल-बाल बच गए, लेकिन विजय गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दिल्ली के नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने विजय को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने इसकी सूचना कुंडली थाना पुलिस को दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है, वहीं आरोपी चालक की पहचान की जा रही है।

- हादसे में विजय का भाई बाल बाल बचा
- आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

## देवीलाल पार्क के पास दिल्ली नंबर की कार ने युवक को कुचला, मौत

**सोनीपत।** देवीलाल पार्क के पास एचपी पेट्रोल पंप के सामने एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब एक युवक सर्विस रोड पार कर रहा था। इसी दौरान सेक्टर-7 कट की ओर से तेज रफ्तार में आ रही दिल्ली नंबर की कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, बाद में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

इस संबंध में बहालगढ़ चौक निवासी, डबल स्टोरी आईटीआई चौक सोनीपत के मनीष ने बताया कि वह तड़के करीब तीन बजे देवीलाल पार्क की ओर घूमने गए थे। उसी दौरान उन्होंने हादसा होते हुए देखा। मनीष के अनुसार कार चालक की लापरवाही साफ तौर पर सामने आ रही थी, क्योंकि वाहन तेज गति में था। मनीष ने बताया कि उन्होंने तुरंत पुलिस हेल्पलाइन पर कॉल कर घटना की सूचना दी। इससे पहले कि पुलिस मौके पर पहुंचती, कार चालक घायल युवक को अपनी कार में अस्पताल ले गया। कुछ समय बाद पुलिस को युवक की मौत की सूचना मिली। घटना के बाद दिन में मनीष ने बहालगढ़ थाना पहुंचकर पूरे मामले को लेकर लिखित शिकायत दी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दुर्घटना से जुड़े सभी तथ्यों को खंगाला जा रहा है। सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

- हादसे की जांच के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस

**भीषण सर्दी से थमी जनजीवन की रफ्तार, घरों में दुबके लोग**

## ठंड से कांपे लोग, नौ बजे तक छाया रहा कोहरा पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने से बदलेगा मौसम

**कल से फिर छा सकता है घना कोहरा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले में मौसम लगातार परिवर्तनशील बना हुआ है और शुक्रवार को ठंड व कोहरे ने आम जनजीवन को खासा प्रभावित किया। शुक्रवार सुबह शहर और ग्रामीण इलाकों में घना कोहरा छाया रहा। सुबह के समय दृश्यता कम होने के कारण सड़कों पर वाहन चालकों को सावधानी बरतनी पड़ी। हालांकि बाद में शीतलहर चलने से कोहरा धीरे-धीरे छटना शुरू हुआ, लेकिन ठंड का असर पूरे दिन बना रहा। शहर क्षेत्र में सुबह करीब नौ बजे कोहरा छट गया, जबकि ग्रामीण इलाकों में कोहरा सुबह लगभग दस बजे तक बना रहा। कोहरा छंटने के बाद करीब 11 बजे सूर्य तो निकले, लेकिन ठंडी हवाओं के चलते लोगों को धूप से अपेक्षित राहत नहीं मिल सकी। मौसम विभाग का यह भी कहना है कि 11 जनवरी के बाद एक बार फिर जिलेवासियों को घने कोहरे और बर्फीली शीतलहर का सामना करना पड़ सकता है। पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने के बाद उत्तर दिशा से आने वाली ठंडी हवाएं तापमान को और नीचे गिरा सकती हैं। इससे सुबह और देर रात के समय सर्दी का प्रकोप और अधिक बढ़ने की आशंका है।



### 6 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा

मौसम विभाग के अनुसार सोनीपत के जगदीशपुर केंद्र पर शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन के समय लगभग 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलती रहीं, जिससे ठंड का अहसास और बढ़ गया। ठंडी हवा के कारण सुबह और शाम के समय सर्दी ज्यादा तीव्र महसूस की गई। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि कमजोर पश्चिमी विक्षोभ की वजह से कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव हरियाणा के कई जिलों में देखने को मिल रहा है, जिसके कारण तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। यही कारण है कि दिन में धूप निकलने के बावजूद ठंड का असर कम नहीं हो पा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार आगामी 11 जनवरी तक जिले के कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी के आसार बने हुए हैं। हालांकि यह बारिश व्यापक नहीं होगी, लेकिन छिटपुट स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी से ठंड और बढ़ सकती है। नमी बढ़ने के कारण रात और सुबह के समय कोहरा फिर से गहराने की संभावना जताई जा रही है।

### ट्रेनों की धीमी रही रफ्तार, ऊंचाहार 13 मालवा एक्सप्रेस पौने 8 घंटे लेट पहुंची



दिल्ली-अंबाला रूट पर कोहरे के अलावा पंजाब व गाजियाबाद में इंटरलॉकिंग कार्यों के चलते शुक्रवार दर्जनभर एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन देरी से हुआ। लंबी दूरी की एक्सप्रेस, सुपरफास्ट ट्रेनों के देरी से आने के कारण सवारी गाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे में यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। दिल्ली-अंबाला रूट पर चलने वाली ऊंचाहार एक्सप्रेस 13.17 घंटे, मालवा एक्सप्रेस 7.39 घंटे, गीता जयंती एक्सप्रेस 5.24 घंटे, आम्रपाली एक्सप्रेस 5.18 घंटे, दादर एक्सप्रेस 4.34 घंटे, नेताजी एक्सप्रेस 2.05 घंटे, 64465 सवारी गाड़ी 1.14 घंटे, 64471 सवारी गाड़ी 1.45 घंटे, 64533 सवारी गाड़ी 1.10 घंटे की देरी से सोनीपत पहुंची। वहीं अंबाला-दिल्ली रूट पर चलने वाली गीता जयंती एक्सप्रेस सहित अन्य गाड़ियां भी देरी से पहुंची।

**21 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी करने का मामला**

## 10.66 करोड़ जमा करने पर आरोपी को मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत औद्योगिक क्षेत्र स्थित कॉम्बिटिक ग्लोबल कैपलेट प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े बड़े जीएसटी चोरी मामले में आरोपित कंपनी के प्रमोटर पावेल गर्ग को जमानत मिल गई है। केंद्रीय जीएसटी आयुक्तालय, रोहतक द्वारा पकड़े गए इस मामले में कंपनी की ओर से 10.66 करोड़ रुपये की जीएसटी राशि नकद जमा कराई गई है। जिसके बाद सत्र न्यायालय ने पावेल गर्ग को जमानत दी है।

### दस्तावेजों में हुआ था खुलासा

बता दें कि केंद्रीय जीएसटी विभाग की जांच में सामने आया था कि कंपनी द्वारा फार्मास्यूटिकल उत्पादों की गुपचुप निकासी कर लगभग 118.49 करोड़ रुपये के माल का कारोबार किया गया। इससे करीब 21.30 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी की गई। तलाशी अभियान के दौरान अधिकारियों ने आयकर से संबंधित दस्तावेज भी जब्त किए थे, जिनसे इस बड़े पैमाने की कर चोरी की पुष्टि हुई। जांच में पाया गया कि कंपनी के प्रमोटर पावेल गर्ग ने अन्य लोगों के साथ मिलकर जीएसटी चोरी को अंजाम दिया। यह मामला सीजीएसटी एक्ट 2017 की धारा 132 के तहत दर्ज किया गया था। पावेल गर्ग को 17 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार कर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया था, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। इसके बाद मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) सोनीपत की अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। बाद में आरोपी ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत में जमानत के लिए आवेदन किया।




- कॉम्बिटिक ग्लोबल कैपलेट प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटर ने आधी राशि जमा करवाई
- 118 .49 करोड़ के उत्पादों की चोरी छुपे निकासी का आरोप

### सत्र न्यायालय में हुई मामले की सुनवाई

सुनवाई के दौरान कंपनी द्वारा 10.66 करोड़ रुपये की जीएसटी राशि जमा कराई गई, जो कथित कर चोरी की लगभग 50 प्रतिशत राशि है। इस जमा राशि को ध्यान में रखते हुए सत्र न्यायालय ने आरोपी को जमानत प्रदान कर दी है। केंद्रीय जीएसटी आयुक्तालय, रोहतक ने इस रिकवरी को कर चोरी पर सख्त कार्रवाई और कर प्रणाली की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ी उपलब्धि बताया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि मामले की जांच आगे भी जारी रहेगी और शेष कर राशि की वसूली के साथ-साथ अन्य संलिप्त लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।



# 'इश्क दा चेहरा' ने दर्शकों को कर दिया इमोशनल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सनी देओल की वॉर ड्रामा 'बॉर्डर 2' का नया गाना 'इश्क दा चेहरा' रिलीज हो गया है। ये एक सोलफुल रोमांटिक मेलोडी गाना है, जो दर्शकों के सामने एक मूवी का एक इमोशनल एंगल दर्शा रहा है। गाने में दिखाया गया है कि कैसे देश के साथ-साथ जवान अपनी पर्सनल लाइफ में भी अपने परिवार को कितना प्यार करते हैं। कैसे उनकी पत्नियां उनका इंतजार करती हैं और एक दिन आता है कि वो वापस उन्हें छोड़कर अपनी धरती मां की रक्षा के लिए बॉर्डर पर लौट जाते हैं। 'बॉर्डर 2' के दूसरे गाने 'इश्क दा चेहरा' ने दर्शकों को इमोशनल कर दिया है। इस गाने को दिलजीत दोसांझ, सचेत टंडन और परंपरा टंडन ने मिलकर गाया है। गाना का म्यूजिक सचेत-परंपरा ने दिया है जबकि लिरिक्स कौसर मुनीर ने लिखे हैं। फिल्म के कास्ट की बात करें तो इसमें सनी देओल के अलावा फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा जैसे स्टार्स अहम रोल में हैं। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में धमाका करने आ रही है।

लाइफStyle

# शनाया

## खौफ से शुरू हुई एक अनोखी प्रेम कहानी

फिल्म 'तू या मैं'एक्टर संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर की दूसरी फिल्म है। इस फिल्म का टीजर सामने आ चुका है। टीजर में यह फिल्म एक आम लव स्टोरी नहीं लग रही, पहली झलक में यह ऑडियंस को डराती है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

'तू या मैं'के टीजर में शनाया कपूर का किरदार स्विमिंग पूल में नजर आता है, वह रिलैक्स कर रही होती है। अचानक उसे लगता है कि पूल के अंदर कोई है। यह सीन खौफ पैदा करता है। आगे टीजर में एक लव स्टोरी, रोमांस नजर आता है। लेकिन फिर कहानी बदलती है और लीड कैरेक्टर एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं। दोनों को अब बस अपनी जिंदगी बचानी है। फिल्म 'तू या मैं'एक सर्वाइवल थ्रिलर है। फिल्म में दर्शको को प्यार, रोमांस के अलावा सस्पेंस भी देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी का जहां तक सवाल है तो इसमें दो इंफ्लुएंसर हैं, जो एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं, इस दौरान उनका सामना मौत से होता है। इस स्टोरी लाइन के साथ फिल्म 'तू या मैं' बन रही है। फिल्म में शनाया कपूर के अपोजिट आदर्श गौरव नजर आ रहे हैं। फिल्म 'तू या मैं' की रिलीज डेट तो मेकर्स ने शेयर की है।

यह फिल्म फरवरी महीने में वैंलटाइन वीक में रिलीज हो सकती है। इसकी रिलीज डेट 13 फरवरी है। शनाया कपूर ने फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां'से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसमें वह विक्रांत मैसी के साथ नजर आईं। जल्द ही उनकी फिल्म 'तू या मैं' रिलीज होगी। फिल्म 'तू या मैं' के अलावा शनाया कपूर एक और फिल्म में नजर आएंगी। इस फिल्म का नाम 'जेसी' है।



हॉलीवुड मसाला



# 83वें गोल्डन ग्लोब में अवॉर्ड करेंगी प्रेजेंट

**लॉस एंजिल्स।** रविवार 11 जनवरी को लास एंजिल्स में होने वाले गोल्डन ग्लोब अवॉड्र्स में अब अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा प्रेजेंटेटर्स में शामिल हो गई हैं। आयोजकों की ओर से इस बात की जानकारी दी गई। जिसके बाद जाहिर है कि प्रियंका भी इस अवॉर्ड फंक्शन में अवॉर्ड प्रेजेंट करती नजर आएंगी। गोल्डन ग्लोब्स के आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड अभिनेत्री जूलिया रॉबट्र्स, अभिनेता जॉर्ज क्लूनी और मिला कुनिस के साथ स्टेज पर अवॉड्र्स प्रेजेंट करेंगी। प्रियंका लंबे समय बाद इस प्रतिष्ठित मंच पर नजर आएंगी। प्रेजेंटर्स की इस स्टार-स्टडेड लिस्ट में कई और बड़े नाम भी शामिल हैं। 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉड्र्स 11 जनवरी को लॉस एंजिल्स के बेवर्ली हिल्टन होटल में आयोजित होंगे। इसमें फिल्म, टेलीविजन और पहली बार पॉडकास्ट के क्षेत्र में इस साल शानदार काम करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।



# बॉलीवुड फिल्म में काम करना चाहती हैं सोफी

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड कलाकारों की हॉलीवुड के एक्टर-एक्ट्रेस के प्रति दीवानगी किसी से छिपी नहीं है। लेकिन हॉलीवुड में भी अपने देश के कलाकारों की फैन फॉलोइंग कोई कम नहीं है। अब हाल ही में 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में अपनी भूमिका के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस सोफी टर्नर ने बॉलीवुड स्टार्स दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान के प्रति अपनी दीवानगी जाहिर की है। इसके साथ ही सोफी टर्नर ने जल्द ही किसी बॉलीवुड फिल्म में काम करने की इच्छा भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मैं सचमुच किसी बॉलीवुड फिल्म में काम करना चाहूंगी। मुझे वहां का डांस बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि यह एक अद्भुत नजारा होता है और वे बहुत खूबसूरत होते हैं। प्रोडक्शन डिजाइन इतना शानदार होता है कि मुझे नहीं लगता कि हमने कभी किसी हॉलीवुड फिल्म सेट पर ऐसा कुछ देखा होगा। सोफी टर्नर ने अभी तक किसी भी भारतीय सिनेमा में काम नहीं किया है। हालांकि, उन्होंने 2018 में अपने पूर्व बहनोई निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा की शादी के जश्न के लिए भारत का दौरा किया था।



# नवलगढ़ में घूंघट की शूटिंग करने पहुंचीं

**मुंबई।** अभिनेत्री तापसी पन्नू इस वक्त राजस्थान के झुंझुनू जिले के नवलगढ़ में हैं। वे यहां अपनी फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में पहुंची हैं। सेट से एक्ट्रेस की तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें वे खाकी वर्दी पहने दिख रही हैं। पुलिस ऑफिसर के गेटअप में तापसी काफी रौबदार अंदाज में नजर आ रही हैं। तापसी का यह लुक फिल्म 'घूंघट' का है। अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी फिल्म 'घूंघट' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में वे खाकी वर्दी पहने नजर आएंगी। तापसी इन दिनों नवलगढ़ में फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। सेट से सामने आई तस्वीरों में अभिनेत्री तापसी महिला थानेदार के गेटअप में नजर आ रही हैं। तापसी की यह फिल्म अनुपम सिन्हा और मकबूल खान के निर्देशन में बन रही है। सेट से लीक हुई तस्वीरों और वीडियो में तापसी पन्नू महिला थानेदार की वर्दी पहने हुए नजर आ रही हैं।



# ओ रोमियो का फर्स्ट लुक आया सामने

**मुंबई।** शाहिद कपूर की मच अवेटेड फिल्म 'ओ रोमियो' का फर्स्ट लुक शुक्रवार को सामने आ गया है। इस पहले लुक में शाहिद काफी खूंखार अंदाज में नजर आ रहे हैं। लाल रंग के बैकग्राउंड में शाहिद का चेहरा खून से लथपथ दिख रहा है। वहीं वो जोश में चीखते दिख रहे हैं। पोस्टर को देखकर ऐसा लगता है कि शाहिद और विशाल भारद्वाज एक बार फिर 'कमीने' जैसा कुछ अलग लाने वाले हैं। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी साफ कर दिया है कि फिल्म की पहली झलक या टीजर शनिवार को सामने आएगा। 13 फरवरी को फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बन रही इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस फिल्म की झलक पाने के लिए बेकरार थे। अब शाहिद कपूर के इस पहले पोस्टर को ही देखकर फैंस उत्साहित हो गए हैं।

टीवी मसाला



# 1985 में 'विक्रम और बेताल' शो ने रचा था इतिहास

**नई दिल्ली।** टीवी जगत के ऐसे कई शोज हैं, जिनको आज भी याद किया जाता है। इसमें रामायण, महाभारत और शक्तिमान समेत कई शो हैं, जो लोगों के दिलों में बस चुके हैं। 80 और 90 के दशक में टीवी शोज का दौर हुआ करता था। उस टाइम में आने वाले नए-नए शो लोगों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं हुआ करते थे। पूरी फैमिली के साथ टीवी सीरियल देखने का मजा ही अलग था। उस वक्त ना यूट्यूब और ना ही ओटीटी बस टीवी शो ही एकमात्र मनोरंजन का जरिया हुआ करते थे। बात करेंगे उस पुराने टीवी शो की जो 41 साल बाद भी लोगों को याद है। दूरदर्शन पर आने वाला यह शो अपनी लोककथाओं और पौराणिक कहानियों पर बेस्ड था। इस शो में वो सभी कलाकार नजर आए थे, जो रामायण और महाभारत में भी देखे गये थे। अरुण गोविल, अरविंद त्रिवेदी, सुनील लहरी, विजय अरोड़ा, दीपिका चिखलिया, मूलराज राजदा, रमेश भटकर और लिलिपुट जैसे स्टार इस शो में नजर आए थे। इस शो का नाम सामने आते ही इसका एक-एक एपिसोड आपकी आंखों के सामने आ जाएगा। 'विक्रम और बेताल' जी हां, यह वही शो है, जिसमें टीवी के राम ने विक्रम का रोल प्ले किया था। इस शो की कहानी राजा विक्रमादित्य और बेताल के सवालों के इर्द-गिर्द घूमती है। इस शो की सबसे खास बात यह रही कि इसे बच्चों के साथ-साथ बड़ों ने भी खूब पसंद किया था। बच्चों के लिए यह थोड़ा डरावना भी था, क्योंकि बेताल का लुक किसी भूत से कम नहीं था।

# मास्टरशेफ इंडिया में पहुंचीं पार्किंसन से जंग लड़ रही लड़की

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर शो 'मास्टरशेफ इंडिया' के 9वें सीजन का आगाज हो चुका है। अभी शो के ऑडिशन चल रहे हैं, जिसमें एक से बढ़कर एक हुनरबाज लोगों को देखा जा रहा है। अब शो में ऐसी जोड़ी की एंट्री हुई है, जिनके हुनर को देखकर तीनों जज खुद को एप्रन देने से नहीं रोक पाए और सेट पर मौजूद हर शख्स की आंखें नम थीं। शो में जहां सिर्फ अच्छे खाने की तलाश की जा रही है, वहीं इसी के साथ लोगों की संघर्ष की कहानी फैंस और जजों को रोने पर मजबूर कर रही है।



'मास्टरशेफ इंडिया' का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें एक ऐसे कंटेस्टेंट को देखा गया है जो मानसिक और शारीरिक रूप से सक्षम नहीं है, लेकिन किचन में कुकिंग करते ही, वे अपनी सारी कमजोरियों पर काबू पा लेती हैं। हम बात कर रहे हैं मनीषा की, जो 14 साल की उम्र में कोमा में चली गई थीं और हैवी डोज की दवाएं लेने की वजह से सेकेंडरी पार्किंसन से ग्रस्त हो गईं। इस बीमारी में मांसपेशियां अकड़ हो जाती हैं और शरीर अपने आप कांपने लगता है।



# भाबी जी की सवारी निकल पड़ी थिएटर की ओर...

**मुंबई।** सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' के फैंस के लिए खुशखबर है। अब यह सीरियल, फिल्म के रूप में बड़े आ रहा है। फिल्म 'भाबी जी घर पर हैं'का पहला पोस्टर और रिलीज डेट सामने आ चुकी है। सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं'में आसिफ शेख, शुभांगी अत्रे, रोहताश गौर जैसे एक्टर्स नजर आते थे। यह सभी फिल्म का भी हिस्सा हैं। वहीं, फिल्म में रवि किशन, मुकेश तिवारी जैसे उम्दा कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म के पोस्टर में सभी एक्टर्स नजर आ रहे हैं। फिल्म 'भाबी जी घर पर हैं'की रिलीज डेट भी मेकर्स ने शेयर की है। यह फिल्म अगले महीने वैंलेटाइन डे से पहले रिलीज होगी। इस फिल्म की रिलीज डेट 6 फरवरी है। पोस्टर रिलीज के साथ मेकर्स ने कैप्शन लिखा है, 'गली गली में होगा शोर, क्योंकि भाबी जी की सवारी निकल पड़ी है थिएटर की ओर।'

# शोभिता की चीकाटिलो का पोस्टर जारी

**मुंबई।** द नाइट मैनेजर जैसी वेब सीरीज में नजर आईं अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं। यह एक सस्पेंस-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का नाम चीकाटिलो है। फिल्म की घोषणा के साथ ही इसका पहला पोस्टर भी जारी हुआ है, जिसमें शोभिता इंटेंस लुक में नजर आ रही हैं। चीकाटिलो प्राइम वीडियो की ओरिजिनल तेलुगु भाषा की फिल्म है। हालांकि, यह हिंदी में भी रिलीज होगी। हैदराबाद की पृष्ठभूमि पर बनी चीकाटीलो एक रोमांचक क्राइम-सस्पेंस फिल्म है। कहानी संध्या नाम की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक ट्रू-क्राइम पॉडकास्टर है। इस किरदार को शोभिता धुलिपाला ने निभाया है। अपने इंटर्न की रहस्यमयी मौत के बाद न्याय पाने की अपनी लगातार कोशिश में संध्या को खौफनाक अपराधों की एक चौंकाने वाली कड़ी का पता चलता है। जिसके बाद उसके सामने शहर के कुछ सबसे खौफनाक और काले राज सामने आते हैं। फिल्म 23 जनवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। शरण कोपिशेट्टी द्वारा निर्देशित चीकाटिलो को डी. सुरेश बाबू ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की कहानी चंद्र पेम्माराजू और शरण कोपिशेट्टी ने लिखी है। फिल्म में शोभिता धुलिपाला और विश्वदेव राचकोंडा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा चैतन्य विशालक्ष्मी, ईशा चावला, झांसी, आमानी और वडलामणि श्रीनिवास भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।




# 'द राजा साब' की रिलीज के बीच पशुपतिनाथ पहुंचे संजय



मुंबई। संजय दत्त इन दिनों अपनी फिल्मों 'धुरंधर' और 'द राजा साब' को लेकर सुर्खियों में हैं। ऐसे में वह पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे हैं। संजय दत्त और प्रभास की अदाकारी से सजी फिल्म 'द राजा साब' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ऐसे में संजय दत्त शुक्रवार को नेपाल की राजधानी काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचे और पूजा की। एक्टर गुरुवार शाम को एक कसीनो के उद्घाटन में शामिल होने के लिए काठमांडू पहुंचे। उनकी यात्रा से फैंस खुश हो गए। एक्टर के पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचने के कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक्टर कड़ी सुरक्षा के बीच हैं। संजय दत्त की यह यात्रा ऐसे मौके पर हुई जब उनकी फिल्म 'द राजा साब' रिलीज हुई है। संजय दत्त और प्रभास स्टारर 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म में एक्टर एक खतरनाक रोल में नजर आ रहे हैं। 'द राजा साब' के निर्देशक मारुति हैं। इसमें बोमन ईरानी, मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी अहम किरदारों में हैं। इससे पहले संजय दत्त आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर' में नजर आए थे। 5 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई इस फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन थीं। यह फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।


## भारत की उम्मीदें नीरज घेवान की फिल्म होमबाउंड पर टिकी हैं

# कांतारा चैप्टर 1 और तन्वी द ग्रेट भी ऑस्कर की रेस में शामिल

इस बार ऑस्कर में भारत की उम्मीदें नीरज घेवान की फिल्म 'होमबाउंड'पर टिकी है। होमबाउंड ऑस्कर में भारत की ओर से आधिकारिक तौर पर भेजी गई फिल्म है। फिल्म अभी भी रेस में बनी हुई है। लेकिन, अब भारत की दो और फिल्में भी ऑस्कर की दौड़ में शामिल हो गई हैं। जिसके बाद अब भारत को इन दो फिल्मों से भी उम्मीद बंध गई है। हालांकि, अभी इन फिल्मों को लेकर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इस साल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई करने वाली ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांताराः चैप्टर 1' और अनुपम खेर के निर्देशन में बनी 'तन्वी द ग्रेट' उन 201 फीचर फिल्मों की सूची में शामिल हो गई हैं, जो 98वें अकादमी पुरस्कारों के लिए विचाराधीन हैं। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंस (एएमपीएएस) ने उन 201 योग्य फिल्मों की घोषणा की है, जो प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार के लिए सीधे तौर पर पात्र हैं। इस लिस्ट में 'कांतारा चैप्टर 1' और 'तन्वी द ग्रेट' भी शामिल हो गई हैं। ऐसे में अब इन दोनों फिल्मों से भी ऑस्कर में उम्मीदें जाग गई हैं।





### सभी शर्तों को दोनों फिल्मों ने किया पूरा

सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए एलिजिबल फिल्मों ने सामान्य एंट्री के अलावा सभी अतिरिक्त एलिजिबलिटी आवश्यकताओं को भी पूरा किया। इसमें सिनेमाघरों में प्रदर्शन और एक कॉन्फिडेंशियल अकादमी प्रतिनिधित्व और समावेशन मानक प्रविष्टि फॉर्म जमा करना भी शामिल है। फिल्मों को अकादमी के चार इन्क्लूजन स्टैंडर्ड में से कम से कम दो को पूरा करना और 2025 में अपनी पहली रिलीज के 45 दिनों के भीतर शीर्ष 50 अमेरिकी बाजारों में से 10 में एक योग्य थिएटर प्रदर्शन पूरा करना भी आवश्यक था। सर्वश्रेष्ठ फिल्म श्रेणी में शामिल होने की सभी शर्तें पूरी करने के बाद 'कांतारा चैप्टर 1' और 'तन्वी द ग्रेट' दोनों ही ऑस्कर पुरस्कार के संभावित दावेदार बन गए हैं। अकादमी द्वारा अंतिम नामांकन सूची 22 जनवरी को जारी की जाएगी।

### 2025 की सबसे सफल फिल्मों में शामिल कांतारा चैप्टर 1

*होम्बले फिल्म्स द्वारा निर्मित 'कांताराः चैप्टर 1' ऋषभ शेट्टी द्वारा लिखित, निर्देशित और अभिनीत फिल्म है। यह 2025 की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स ने भी फिल्म को जमकर सराहा था। वहीं दूसरी ओर 'तन्वी द ग्रेट' का निर्माण, निर्देशन और लेखन अनुपम खेर ने किया है। यह फिल्म ऑटिज्म पर आधारित है, जिसमें एक ऑटिस्टिक लड़की तन्वी की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म में अनुपम खेर के अलावा शुभांगी दत्त, अरविंद स्वामी, बोमन ईरानी, जैकी श्रॉफ और पल्लवी जोशी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।*

## हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी किया 11 लाख रुपये का बजट

# गणतंत्र दिवस पर झांकी से दर्शाई जाएंगी समग्र शिक्षा व पीएमश्री स्कूलों की उपलब्धियां, बजट हुआ जारी

**प्रत्येक जिले में झांकी पर खर्च की जाएगी 50 हजार की राशि, समग्र शिक्षा व पीएमश्री योजना व विभिन्न गतिविधियों पर डाला जाएगा प्रकाश**

- झांकी में पीएमश्री स्कूलों की व्यवस्था, मिड डे मील की उपलब्धि से लेकर समर कैंप, स्वास्थ्य शिविर के झलकेंगे नजारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गणतंत्र दिवस पर समग्र शिक्षा व जिले के पीएमश्री स्कूलों की उपलब्धियों को झांकी के माध्यम से दर्शाया जाएगा। झांकियों के खर्च के लिए हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को 11 लाख रुपये का बजट जारी कर दिया गया है। प्रत्येक जिले में झांकी तैयार करने के लिए 50 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी। साथ ही शिक्षा अधिकारियों को झांकी संबंधित सुझाव भी भेजे गए हैं। जिला सह परियोजना संयोजक डॉ. अत्तर सिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह में विद्यालय शिक्षा निदेशालय के महत्वपूर्ण कार्यों, उपलब्धियों व योजनाओं को झांकी के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा, ताकि लोगों को जागरूक किया जा सके। झांकी में पीएमश्री स्कूलों की व्यवस्था से लेकर मिड डे मील की उपलब्धि, विशेष बच्चों के लिए लगाए गए समर कैंप, स्वास्थ्य शिविर के नजारे झलकेंगे। साथ ही शिक्षा विभाग की योजनाओं पर प्रकाश डाला जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी को संबंधित विभिन्न सुझाव की लिस्ट भेजी गई है। झांकी तैयार करवाने के लिए परिषद की ओर से जिला परियोजना संयोजक के खातों में बजट जारी किया गया है। विभाग ने भी झांकी तैयार करवाने के लिए योजना पर काम शुरू कर दिया है।



सोनीपत के सेक्टर 14 स्थित जिला शिक्षा विभाग का कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

### लोगों में शिक्षा की अलख जगाई जाएगी

गणतंत्र दिवस समारोह में समग्र शिक्षा व पीएमश्री योजना पर झांकी प्रदर्शित करने के लिए हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से पत्र मिल चुका है। शिक्षा विभाग ने जारी निर्देशों के आधार पर जल्द झांकी तैयार करवाने का लक्ष्य रखा है। झांकी में विभिन्न गतिविधियों, उपलब्धियों, सुविधाओं व व्यवस्थाओं को शामिल किया जाएगा, ताकि लोगों में शिक्षा की अलख जगाई जा सके।

-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

### इन सुझाव पर तैयार होगी झांकी

- समग्र शिक्षा व पीएमश्री योजना के उद्देश्य, प्रासंगिकता।
- शिक्षा विभाग के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रम एवं उपलब्धियां।
- शिक्षा का अधिकार के तहत मिलने वाले अधिकार, विद्यालय प्रबंधन समिति एवं इसके कार्य।
- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं इसकी उपयोगिताएं।
- विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को मिलने वाली सुविधाएं जैसे समर कैंप, स्वास्थ्य शिविर, विभिन्न कार्यक्रमों का प्रदर्शन।
- मिड डे मील योजना की उपलब्धि।
- आउट ऑफ स्कूल बच्चों के विद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया, तरीकों का प्रदर्शन।
- बालिका शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, योग शिक्षा आदि का प्रदर्शन।

## न्यूज डायरी

### कोल्ड स्टोर से पिस्ता डोडी चोरी मामले में तीसरा आरोपित गिरफ्तार



सोनीपत। जिले की क्राइम यूनिट वेस्ट सोनीपत की पुलिस ने कोल्ड स्टोर से पिस्ता डोडी चोरी करने की घटना में संलिप्त तीसरे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान अनुज निवासी हरदोई, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार चार दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि 22 सितंबर 2025 को हरीश चन्द्र पुत्र कमलराम निवासी नैनीताल, उत्तराखंड हाल निवासी जीके एग्रो कोल्ड स्टोर बाजिदपुर गांव सबौली, जिला सोनीपत ने थाना कुंडली में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि उनके कोल्ड स्टोर से 10 बोरी पिस्ता डोडी चोरी हो गई है। इस मामले में थाना कुंडली में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान क्राइम यूनिट वेस्ट सोनीपत की टीम में नियुक्त उप निरीक्षक मनोज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पहले ही दो आरोपितों रणजीत और सूरज निवासी हरदोई उत्तर प्रदेश को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लिया था। इन दोनों आरोपितों से रिमाण्ड अवधि के दौरान 50 हजार रुपये बरामद किए गए थे। आगे की जांच में तीसरे आरोपित अनुज की भूमिका सामने आने पर उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

फोटो 9 एसएनपी 6. गिरफ्तार आरोपित के साथ पुलिस कर्मी।

### निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाते हुए रिफ्लेक्टर लगाए



सोनीपत। सड़क सुरक्षा संगठन के सहयोग से बुधवार को ट्रक यूनियन बहालगढ़ रोड पर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर परिवहन विभाग के निर्देशानुसार लगाया गया, जिसमें वाहन चालकों के साथ-साथ अन्य नागरिकों ने भी अपनी आंखों की जांच कराई। शिविर में सरकारी अस्पताल की ओर से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। उन्होंने उपस्थित लोगों की आंखों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया और आंखों की देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान सड़क सुरक्षा संगठन के सदस्यों द्वारा वाहनों पर रेट्रो टेप युक्त रिफ्लेक्टर लगाए गए, जिससे रात्रि के समय वाहनों की दृश्यता बढ़ सके।

### भक्ति आंदोलन के महान संत थे रामानंद : दहिया



गोहाना। शहर के गांधीनगर की रविदास चौपाल में शुक्रवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों ने संत रामानंद की जयंती मनाई। समारोह में संगठनों के प्रतिनिधियों ने संत रामानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। समारोह का मार्गदर्शन नगर पार्षद बबली देवी और आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने किया। मुख्य अतिथि हरियाणा अंबेडकर संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनजीत दहिया ने कहा कि संत रामानंद मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के महान संत थे। उनके महान कार्यों में भक्ति आंदोलन को उत्तर भारत में फैलाना, सामाजिक समानता पर जोर देना, लोक भाषाओं में शिक्षा देना और कबीर दास व रविदास जैसे शिष्यों के माध्यम से एक उदार विचारधारा स्थापित की जिससे आगे चलकर भारतीय संत साहित्य और समाज पर गहरा प्रभाव डाला। जयंती समारोह की अध्यक्षता संत शिरोमणि गुरु रविदास संगठन के सचिव सतवीर पौडिया ने की। मदनलाल अत्री, वेदपाल बीरवाल, विनोद रंगा, रामकुमार पांचाल, सुरेश खटक, सरोज, प्रिया, दीक्षा व मोनिका उपस्थित रहे।

### छात्राओं ने आचार, मुरब्बा, ऑयल पेंटिंग, ड्रेस बनाना सीखा




सोनीपत। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीसवां मिल के प्रांगण में लड़कियों के लिए लाइफ स्किल डेवलेपमेंट कैंप का पांच दिवसीय आयोजन किया गया। कैंप के दौरान लड़कियों ने आर्ट एंड क्राफ्ट, मार्शल आर्ट, योग, अचार, चटनी, मुरब्बा, ऑयल पेंटिंग, 3डी पेंटिंग, लड्डू गोपाल की ड्रेस बनाना सीखा। इसके अलावा किशोरावस्था में होने वाले बदलाव के बारे में डॉक्टर की टीम से जानकारी हासिल की। वहीं अंग्रेजी में बातचीत करने का तरीका भी सीखा। कैंप के संयोजक आचार्य प्रवीण कुमार रहे। शुक्रवार को इस कैंप का समापन हो गया। समापन के अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने अपनी बनाई हुई सभी चीजों को प्रदर्शनी के रूप में लगाया। जिसमें मुख्य रूप से सांझी, गुड़िया, अचार, चटनी, मुरब्बा, पेंटिंग, मिट्टी के बर्तन, आदि की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में खंड समन्वयक सहायक खंड समन्वयक प्रधानाचार्य नरेंद्र खापरा, ग्राम बढ़ मलिक के सरपंच फूल कुमार, विद्यालय प्रबंधन कमेटी के सदस्य, योग कोच साहिल कुमार, एसएमओ राजेश दहिया, शिवा, एबीआरसी कीर्ति व भास्कर मौजूद रहे।

### नगर निगम में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए



सोनीपत। आम आदमी पार्टी ने नगर निगम में भ्रष्टाचार होने के आरोप लगाकर रेलवे रोड स्थित निगम कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना देकर रोष जताया। धरने की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष रणवीर छिक्कारा व विमल किशोर ने की, नेतृत्व अधिवक्ता राजेश सरोहा व जिला सचिव विकास दहिया ने किया। आप नेताओं व कार्यकर्ताओं ने नगर निगम में भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, लोगों के जानबूझकर कार्यों को लटकाने जैसे आरोप लगाकर प्रदर्शन कर आवाज उठाई। जिलाध्यक्ष रणवीर छिक्कारा ने आरोप लगाया कि सोनीपत नगर निगम भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। आमजन के छोटे-छोटे काम बिना रिश्वत के नहीं होते। अधिकारी व सत्ताधारी दल के लोग मिलकर जनता को लूट रहे हैं। आम आदमी पार्टी इस लूट के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी। प्रत्याशी चयन कमेटी के चेयरमैन विमल किशोर ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर निगम में पारदर्शिता पूरी तरह खत्म हो चुकी है। विकास कार्यों में भारी घोटाले हो रहे हैं, उनकी कोई जांच नहीं होती। आप पार्टी जनता की आवाज बनकर भ्रष्टाचार को उजागर करती रहेगी, आरोपियों को सजा दिलाने तक पीछे नहीं हटेगी। अधिवक्ता राजेश सरोहा ने कहा कि यदि जल्द नगर निगम में हो रहे भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी। जिला सचिव विकास दहिया ने कहा कि आप पार्टी जनता के हक की लड़ाई लड़ रही है, सोनीपत की जनता को उनका अधिकार दिलाकर रहेगी। उन्होंने मांग की, कि नगर निगम में हुए सभी भ्रष्टाचार के मामलों की उच्च स्तरीय जांच कराकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। धरने में नरेश कौशिक, योगेशपाल, वंश आर्य, अमरदत्त भारद्वाज, शेर मोहम्मद, शक्ति सिंह, अंकुश त्यागी, कर्मवीर, मोहित भारद्वाज, दीपक चुघ, राहुल शर्मा, बिजेंद्र सिंह, नरेंद्र, राजेंद्र सिंह, जसबीर बैनीवाल, हवा सिंह, राजेश, अजय, सिद्धार्थ रोहिल्ला, सतबीर सिंह, राजकुमार, ललित कुमार मौजूद रहे।

### सेनापति गुलाब सिंह के बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि



खरखौदा। शहर की सैनी चौपाल में वीर योद्धा सेनापति गुलाब सिंह सैनी के बलिदान दिवस को श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया। सामाजिक संगठनों, जन प्रतिनिधियों व युवाओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके उनके अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति को नमन किया। पूर्व नपा चेयरमैन रामकुमार सैनी ने कहा कि सेनापति गुलाब सिंह सैनी ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर आने वाली पीढ़ियों को कर्तव्य, अनुशासन और बलिदान का अमिट संदेश दिया। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। सेनापति सैनी ने विषम परिस्थितियों में भी साहस और रणनीतिक कौशल का परिचय देते हुए शत्रुओं का डटकर मुकाबला किया। उनके नेतृत्व और वीरता ने क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। उन्होंने आह्वान किया कि वे सेनापति सैनी के आदर्शों को अपनाकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। मास्टर जितेंद्र सैनी ने कहा कि सेनापति गुलाब सिंह सैनी का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता और उनकी स्मृति सदैव प्रेरणा देती रहेगी। इस मौके पर नरेश सैनी, डॉ. राजवीर सैनी, हजारी लाल सैनी आदि मौजूद रही। महिलाओं ने भी श्रद्धांजलि समारोह में उपस्थिति दर्ज कराई।

## मनरेगा को कमजोर करना सरकार का मजदूरों के प्रति दृष्टिकोण को दर्शाता है : राकेश

सोनीपत। हरियाणा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा एडवोकेट ने सरकार की मजदूरों के प्रति नीयत को निशाना बनाते हुए कहा कि मनरेगा को कमजोर करना ही खुद सरकार का मजदूरों के प्रति दृष्टिकोण को दर्शाता है। सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदल कर जी राम जी नहीं किया गया है बल्कि हरियाणी बोली मे कहा जाए तो रोजगार के मामले मे मजदूरों को सरकार ने जय राम जी कह दिया है अर्थात अब सरकार मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने मे असमर्थ है। इस सरकार द्वारा मनरेगा मजदूरों को सालभर मे अब तक मुश्किल से 40 से 60 दिन का हो रोजगार मिल पा रहा था जबकि उसमे केन्द्र सरकार की 90 प्रतिशत हिस्सेदारी होती थी। अब सिर्फ 60 प्रतिशत रहेगी तो किस प्रकार राज्य सरकारें 125 दिन का रोजगार उपलब्ध करा पाएंगी । कमजोर राज्य सरकारें 10 प्रतिशत देने में ही आना कानी करते थी तो अब 40 प्रतिशत किस प्रकार दे पाएंगी? जबकि अब सरकार द्वारा कानूनी प्रावधान भी समाप्त कर दिए गए है।

## टीकाराम महाविद्यालय में दीनबंधु छोटूराम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीतपत। सर छोटूराम को नमन करते महाविद्यालय का स्टाफ।

टीकाराम कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को महान समाज सुधारक एवं किसान नेता दीनबंधु सर छोटूराम की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या गीता के नेतृत्व में सभी टीचिंग और नॉनटीचिंग स्टाफ सदस्यों ने सर छोटूराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्टाफ सदस्यों ने उनके जीवन, संघर्ष और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अविस्मरणीय योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि सर छोटूराम ने शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का जो सपना देखा था, वह आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने किसानों, श्रमिकों और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए शिक्षा को सबसे सशक्त माध्यम माना। सभी सदस्यों ने उनके आदर्शों को अपनाने और शिक्षा के माध्यम से सामाजिक जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम शांत और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।



## नहार सिंह ने एनएसएस कैंप में प्रस्तुत की देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएं

खरखौदा। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 7 दिवसीय कैंप के दूसरे दिन स्वयं सेवकों ने प्रभात फेरी और योगासन से कार्यक्रम की शुरुआत की। समाज सेवक नहार सिंह ने भाषण और कविताओं के माध्यम से स्वयं सेवकों सम्बोधित किया। उन्होंने देश भक्ति व स्वच्छता के विषय में बच्चों को प्रेरित किया। सरकारी अस्पताल से कंट्रोल इकाई सम्बद्ध राजू ने एचआईवी एड्स बीमारी के विषय में बताया कि बीमारी से बचाव ही उपचार है। जिसके लिए सभी को जागरुक होना चाहिए। बीमारी को कभी भी किसी से नहीं छुपाना चाहिए, बल्कि परिवार में माता-पिता को इस बारे में बताकर चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए।

## किसान व मजदूरों के मसीहा थे सर छोटूराम : जगबीर

- दीनबन्धु छोटूराम को उनकी 80वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को दीनबन्धु छोटूराम को उनकी 80वीं पुण्यतिथि पर याद किया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने दीनबन्धु की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करके श्रद्धासुमन अर्पित किए। यह समारोह शहर में पुराना बस अड्डा स्थित छोटूराम चौक में आयोजित किया गया। अध्यक्षता कांग्रेस बैकवर्ड प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश महासचिव आजाद सिंह दांगी ने की। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक जगबीर सिंह मलिक ने कहा कि दीनबन्धु छोटूराम भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं किसान मजदूर के मसीहा थे। छोटूराम ने अपना पूरा जीवन किसानों, मजदूरों के उत्थान और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित कर दिया।

उन्होंने अपने संघर्ष, शिक्षा और कृषि सुधारो और यूनियनिस्ट पार्टी के माध्यम से राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### ये मौजूद रहे

समारोह में पार्षद निपुण सहरावत, डॉ. सुरेश सेतिया, दुष्यंत लठवाल, धर्मपाल लठवाल, जगबीर कुंडू, धर्मवीर मलिक, राजपाल कश्यप, सतबीर रैबारी, बंसी बाल्मीकि, राजबीर मलिक, राजेंद्र पांचाल, कृष्ण रोड, मांगेराम गिरदावर, अनिल रोहिल्ला और राजवीर शर्मा विशेष रूप से मौजूद थे।


सोनीपत। दीनबन्धु छोटूराम के प्रतिमा स्थल पर पुष्पअर्पित करते हुए कांग्रेस पार्टी के नेता और कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## शोषित एवं गरीबों के कल्याण के लिए दीनबंधु छोटू राम ने किया जीवन समर्पित


सोनीपत। छोटूराम को नमन करते हुए समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

सोनीपत। आज दीनबंधु छोटू राम युवा सेवा समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर बंसीलाल कुंडू ने ने कहा दीनबंधु छोटू राम ने किसान गरीबों एवं दोस्तों के कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। वह एक महान क्रांतिकारी एवं समाज सुधारक थे, दीनबंधु छोटू राम ने शिक्षा पर विशेष जोर दिया। उनका मानना था कि शिक्षा के माध्यम से ही हमारे राष्ट्र एवं समाज का कल्याण हो सकता है। प्रोफेसर बंसीलाल कुंडू ने दीनबंधु छोटू राम की जयंती पर छोटू राम चौक पर उनकी प्रतिमा पुष्प माल्यार्पण कर पुण्यतिथि मनाई। उन्होंने कहा कि दीनबंधु छोटू राम को किसानों गरीबों एवं शोषित के हितेषी के तौर पर सदैव याद रखा जाएगा। छोटूराम ने वकील मंत्री तथा शिक्षाविद के तौर पर अपना संपूर्ण जीवन मानव कल्याण एवं राष्ट्र को समर्पित कर दिया। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। विद्यार्थियों को दीनबंधु छोटू राम के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। प्रोफेसर बंसीलाल कुंडू ने कहा सर छोटूराम ने प्राचीन भारत में कृषि की समस्या के निदान के लिए संघर्ष किया एवं किसानों के हित में कानून बनवाने का काम किया था वह किसानों के लिए एक आदर्श और प्रेरणा के स्रोत हैं। भाखड़ा नांगल डैम का आईडिया भी दीनबंधु छोटू राम ने ही दिया था। इस मौके पर चौधरी चांद राम दहिया, कृष्ण काला भटगांव, सरदार जसवंत सिंह, कृष्ण सैनी, बलबीर सिंह, किसान नेता वीरेंद्र सिंह, साबर अली, मास्टर देवेंद्र दलाल, रामचंद्र दहिया, बिजेंद्र मलिक, मनोज, भोला, सुरेंद्र, अशोक आदि मौजूद रहे।

## आयुष्मान के तहत ऑपरेशन के बाद रुपये जमा करवाने का आरोप

### मरीज की मौत, परिजनों ने जताया रोष

सोनीपत। गांव करेवड़ी निवासी जगदीश की ऑपरेशन के बाद 1 जनवरी को मौत हो जाने पर परिवार के सदस्यों ने शुक्रवार को निजी अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाकर रोष जताया। परिजनों का कहना है कि उन्होंने जगदीश का अस्पताल में आयुष्मान योजना के तहत इलाज करवाया था। इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने परिवार से किसी अन्य मोबाइल पर पेटीएम के माध्यम से 36600 रुपये की राशि जमा करवाई। परिवार ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्यवाही की मांग भी की थी, अब तक मामला भी दर्ज नहीं किया गया है। जिला पार्षद संजय बड़वासनी व पारिवारिक सदस्य राजेश, रमेश, दयानंद, सुरेंद्र सिंह, विशाल, आकाश, मुकेश ने बताया कि परिवार के सदस्य मामले को लेकर सोमवार को नागरिक अस्पताल में मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के नाम सिविल सर्जन को ज्ञापन देंगे। उनकी मांग है कि आरोपी डॉक्टर व अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्यवाही कर परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही की वजह से जगदीश की मौत हुई है। आयुष्मान में इलाज होने के बावजूद परिवार से रुपये जमा करवाए गए हैं। निजी अस्पताल की ओर से मनमानी कर परिवार से सरेआम लूट की गई है। सही तरह से उपचार न करके मरीज के जीवन से खिलवाड़ किया गया है। आमजन की सोच है कि गरीब परिवारों का आयुष्मान के तहत निशुल्क इलाज होगा, उनसे पैसे लिए जा रहे हैं। अस्पतालों के खिलाफ कार्यवाही कर उनका लाइसेंस रद्द किया जाए।


सोनीपत। सोनीपत के गांव करेवड़ी में रोष जताते जिला पार्षद संजय बड़वासनी व परिजन।

## कौशल बिजनेस चैलेंज (केबीसी) योजना के तहत जिले की तीन टीमें राज्यस्तर पर की गई थी चयनित

# केबीसी : राज्यस्तर पर रोजगार सुझाव देने वाली जिले की तीन टीमों को मिला 1-1 लाख रुपये का पुरस्कार

- विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर 5 जनवरी को पानीपत में आयोजित की गई राज्यस्तरीय प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कौशल बिजनेस चैलेंज (केबीसी-2.0) योजना के माध्यम से जिला के विद्यार्थियों की तीन टीमों ने राज्यस्तर पर रोजगार संबंधी सुझाव देकर एक-एक लाख रुपये का पुरस्कार जीता है। इन टीमों ने केबीसी योजना के तहत रोजगार संबंधी वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर पानीपत में 5 जनवरी को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया। राजकीय विद्यालय में कौशल बिजनेस चैलेंज योजना के माध्यम से कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों से सुझाव मांगकर उनमें स्वरोजगार की अलख जगाना है। योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वरोजगार स्थापित करने, उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देना, रचनात्मक विचारों को जागृत करने, नए आइडिया के लिए प्रोत्साहित करना है। शिक्षा विभाग ने इन्हीं उद्देश्यों को लेकर 5 जनवरी को पानीपत में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया था। प्रतियोगिता में जिलास्तर की 3 विजेता टीमों ने भाग लेकर अपने वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए।

### रोजगार संबंधी वर्किंग मॉडल किए थे प्रस्तुत


सोनीपत। पानीपत में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के साथ सोनीपत की प्रतिभागी टीम। फोटो : हरिभूमि

### राशि दो भागों में बांटकर दी गई

शिक्षा विभाग का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को कौशल शिक्षा देने के साथ नवाचार को बढ़ावा देना है। कौशल बिजनेस चैलेंज योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिलास्तर की 3 विजेता टीमों ने 5 जनवरी को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर एक-एक लाख का पुरस्कार प्राप्त किया। यह राशि दो भागों में बांटकर 75 व 25 लाख रुपये प्रतिभागी टीमों को दी गई।

-अमित भनवाला, जिला सहायक परियोजना संयोजक, सोनीपत

### राज्यस्तर पर प्रतिभागी व पुरस्कार विजेता टीमें

1. गोहाना के आंवली स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की टीम ने प्राकृतिक दर्द निवारक तेल पर वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किया।
2. कुंडली स्थित पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की टीम ने बीज कागज कलम पर वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किया।
3. जाखौली स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की टीम ने नीम एवं एलोवेरा जैसे प्राकृतिक साबुन, शैंपू पर वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किया।

## खबर संक्षेप

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**गन्नौर।** लल्हेड़ी गांव में किराए के मकान में रहने वाले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर बड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर स्वजनों को सौंप दिया। मामले की जांच अधिकारी एएसआई श्रमिला ने बताया कि मृतक की पहचान फरूखाबाद, उत्तरप्रदेश हाल लल्हेड़ी गांव में किराये पर रहने वाले मुनेंद्र के रूप में हुई। प्रथम जांच में लगता है कि लंबी बीमारी के कारण मौत हो गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के स्पष्ट कारणों का पता लग पाएगा। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर स्वजनों को सौंप दिया।



### सुख व शांति की कामना के लिए किया हवन

**गन्नौर।** लड़सौली स्थित चमत्कारी माता मंदिर में शुक्रवार को श्रद्धा और आस्था का पहला हवन-यज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन महंत बद्री नारायण गिरी जी महाराज (हरिद्वार वाले) की कृपा से संपन्न हुआ। हवन-यज्ञ में सुख, शांति और समृद्धि की कामना को लेकर विधि-विधान से किया गया। कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र कादियान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मंदिर परिसर में पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका फूलमाला से स्वागत व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। विधायक ने महंत बद्री नारायण गिरी जी महाराज से आशीर्वाद लिया।

### मंडी में चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

**गन्नौर।** अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के सदस्य टाका ने प्रतिनिधि मंडल के साथ पहुंचकर मंडी परिसर का दौरा किया। इस दौरान राज्य कृषि विपणन बोर्ड की राष्ट्रीय परिषद के प्रबंध निदेशक जेएस यादव सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। राज्य कृषि विपणन बोर्ड की राष्ट्रीय परिषद के प्रबंध निदेशक जेएस यादव सहित प्रतिनिधि मंडल ने मंडी में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और आधुनिक सुविधाओं का निरीक्षण किया।

# म्हारी सड़क एप खस्ताहाल सड़कों का समाधान करवाने में बना रामबाण

## जिले में ढाई माह में आई 181 शिकायतें, लोक निर्माण विभाग ने 140 का करवाया समाधान

- सड़कों के सुधार के लिए सितंबर 2017 को लॉच की थी हरपथ एप ढाई माह पूर्व म्हारी सड़क एप में किया परिवर्तित

रविंद्र ठाकुर ▶▶| सोनीपत

प्रदेश में विकास कार्यों को गति प्रदान करने व समस्याओं का जल्द समाधान करवाने के उद्देश्य से सरकार ने वर्ष 2017 से चल रही हरपथ एप को अब म्हारी सड़क मोबाइल एप्लीकेशन में परिवर्तित किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने म्हारी सड़क मोबाइल एप को 23 अक्तूबर 2025 को लॉच किया था। म्हारी सड़क मोबाइल एप खस्ताहाल सड़कों संबंधी समस्याओं का समाधान करवाने में रामबाण साबित हुआ है। इतना ही नहीं, इस एप पर सरकार की भी नजरें सख्त टिकी हैं, ताकि लोगों की समस्याओं को समय पर हल करवाया जा सके। सोनीपत में लोक निर्माण विभाग को करीब 2 माह 16 दिन में एप के माध्यम से कुल 181 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। विभाग ने इनमें से 140 शिकायतों का समय पर समाधान करवाया है। विभाग ने शेष 38 शिकायतों पर भी जल्द समाधान करवाने का लक्ष्य रखा है, जबकि 3 शिकायतों को रिजेक्ट कर दिया गया है। इन शेष 38 शिकायतों में 12 को मेजर कॉलम में डाला गया है, यह समस्या बड़ी हैं, जिन्हें हल करवाने में 6 माह तक का समय लगेगा। इसके अलावा 3 शिकायतें माइनर कॉलम में दर्ज की गई हैं। विभाग ने इन शिकायतों का 10 दिन के अंदर समाधान करवाने का लक्ष्य रखा है। ओवरड्यू कॉलम में दर्ज 2 शिकायतों पर जल्द कार्य शुरू करवाया जाएगा। वहीं 18 शिकायतें अन्य विभागों से संबंधित हैं, जिन्हें उन विभागों को ट्रांसफर कर दिया गया है। इनमें से 5 शिकायतें संबंधित विभागों की ओर से स्वीकार कर ली गई हैं।



**सोनीपत।** रेलवे रोड स्थित लोक निर्माण विभाग का कार्यालय।

### पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा

म्हारी सड़क मोबाइल एप के माध्यम से जनता व प्रशासन के बीच पारदर्शिता व विश्वास को बढ़ावा मिलेगा। समस्याओं का समयबद्ध समाधान होने से विकास कार्यों का सुधार हो सकेगा। एप संबंधित शिकायतों को लेकर अधिकारियों को निष्पक्ष तरीके से जल्द समाधान करवाने के निर्देश दिए गए हैं। *सुशील सारवान, उपायुक्त, सोनीपत*

### मंत्री की निगाहें सख्त

प्रदेश सरकार ने खस्ताहाल सड़कों के सुधार व जलभराव संबंधी समस्याओं को लेकर लोगों की सुविधा के लिए 15 सितंबर 2017 को हरपथ एप लॉच की थी। इस एप में आ रही तकनीकी खामियों के चलते सरकार ने ढाई माह पहले इसे म्हारी सड़क एप में परिवर्तित किया है। वहीं लोक निर्माण विभाग के मंत्री रणबीर सिंह गंगवा भी म्हारी सड़क एप पर मिलने वाली शिकायतों को लेकर सख्त हैं। दो दिन पहले ही जारी बयान में विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वह एप पर मिलने वाली शिकायतों का तय समय सीमा के अंदर समाधान करवाएं, अन्यथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों से सख्ती से निपटा जाएगा।

### समय पर सुधार जरूरी

म्हारी सड़क मोबाइल एप का उद्देश्य जनसमस्याओं के समाधान में पारदर्शिता लाना है। इस एप के माध्यम से लोग खस्ताहाल सड़कों व जलभराव संबंधित समस्याएं सीधे सरकार तक पहुंचा सकते हैं। एप के माध्यम से खस्ताहाल सड़कों, सड़क पर जलभराव की समस्या की लोकेशन के साथ शिकायत दर्ज की जा सकती है। संबंधित विभाग को सूचना मिलते ही तय समय में सड़क पर सुधार करवाना अनिवार्य है। छोटी समस्या के लिए 10 दिन तो बड़ी समस्या पर 6 माह तक का समय तय किया गया है। इसके बाद निर्धारित समय में संबंधित अधिकारी को सड़क सुधार के कार्य की फोटो एप पर अपलोड कर शिकायतकर्ता को सूचित करना है।

## महिलाओं ने मटके फोड़ बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी का लगाया आरोप

# रेडरोज कॉलोनी वासी 22 साल से पेयजल-सीवरेज व्यवस्था से वंचित

**गुस्साए लोगों ने महलाना रोड पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रेड रोज कॉलोनी के लोगों ने शुक्रवार को बुनियादी सुविधाओं को लेकर महलाना रोड पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। आरोप है कि कॉलोनी वासी 22 साल से पेयजल व सीवरेज व्यवस्था से वंचित हैं। अब उनके सब्र का बांध टूट चुका है। उन्होंने प्रशासन से मांग की, कि कॉलोनी में जल्द दोनों सुविधाएं मुहैया करवाई जाएं। वहीं सुबह लोगों के महलाना रोड जाम कर प्रदर्शन करने के दौरान यातायात बाधित रहा। इससे वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ी। महिलाओं ने सड़क पर मटके फोड़कर अपना दुख जाहिर किया। कालोनीवासियों का कहना है कि नगर निगम में वैध दर्जा होने के बावजूद कॉलोनी में आज तक आधारभूत सुविधाएं भी मुहैया नहीं कराई गई है। वर्ष 2003 से बसी उक्त कॉलोनी में न तो स्वच्छ पेयजल की कोई व्यवस्था है और न ही सीवरेज लाइन डाली गई है। ऐसे में लोगों को खारा पानी पीना पड़ रहा है। मीठे पानी के लिए 7 किलोमीटर दूर महलाना रोड स्थित नहर तक आना-जाना पड़ता है। अधिकारियों को कई बार शिकायत देकर मामले से अवगत कराया है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। उनकी मांग है कि कॉलोनी में जल्द आधारभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जाए, अन्यथा दोबारा सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे।





**सोनीपत।** महलाना रोड पर प्रदर्शन के दौरान अपनी समस्याएं बताती रेड रोज कॉलोनी की महिलाएं तथा कॉलोनी वासियों को समझाता पुलिस कर्मी। *फोटो : हरिभूमि*

### पुलिस ने समझाकर खुलवाया मार्ग

कॉलोनी वासी काफी देर तक सड़क पर रास्ता रोककर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते रहे। वाहन चालक इधर उधर निकलने के लिए वैकल्पिक मार्ग ढूंढते रहे। इससे वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं लोगों के सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने की सूचना मिलने ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कॉलोनी वासियों को समझाकर जाम खुलवाया।

### विधायक से लेकर अधिकारियों तक लगाई गुहार

कालोनीवासियों का कहना है कि उन्होंने 22 दिसंबर 2025 को विधायक निखिल मदान, मेयर राजीव जैन व नगर निगम के अधिकारियों को ज्ञापन देकर कॉलोनी में पेयजल व सीवरेज व्यवस्था करवाने की मांग की थी। उनकी मांग पर नेता व अधिकारी आज तक कोई कदम नहीं उठा पाए हैं। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की, कि उनकी कॉलोनी में जल्द पेयजल व सीवरेज की व्यवस्था करवाकर उन्हें बुनियादी सुविधाओं का लाभ दिलाया जाए।

### निकासी का अभाव, बारिश में ज्यादा परेशानी

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि सीवरेज व्यवस्था न होने के कारण यहां दूषित पानी की निकासी के पुख्ता प्रबंध नहीं है। बारिश के दौरान लोगों के सामने स्थिति भयंकर रूप ले लेती है। आसपास नए प्लॉट कटने से सलोग खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। बाद में सड़क के दूसरी ओर विकसित हुई कालोनियों में सभी सुविधाएं मुहैया करवाई गई है, लेकिन उनकी कॉलोनी काफी समय से अनदेखी का शिकार हो रही है।



**गोहाना।** कुलपति प्रो. सुदेश व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समझौता ज्ञापन का आदान प्रदान करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# शैक्षणिक ज्ञान को सामाजिक चुनौतियों से जोड़ना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

ज्ञात सेतु पहल के तहत पंचकूला में गुरुवार को सम्पन्न एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नीव पोर्टल का शुभारंभ किया। समारोह में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में इंस्टीट्यूट फॉर फिस्कल मैनेजमेंट और भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) खानपुर कलां के मध्य एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश के अनुसार राज्य स्तरीय कार्यक्रम में महिला विवि समेत 28 प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के मध्य समझौता ज्ञापन का आदान प्रदान हुआ। कुलपति ने कहा कि शैक्षणिक ज्ञान को वास्तविक प्रशासनिक और सामाजिक चुनौतियों से जोडन्ना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से यह समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है ताकि शोध केवल पुस्तकों तक सीमित न रहकर समाज और शासन की समस्याओं का समाधान बन सके। कुलपति ने कहा कि ज्ञान सेतु व नीव पोर्टल रियल-टाइम डेटा, प्रदर्शन संकेतक और भविष्यसूचक विश्लेषण के माध्यम से शिक्षा प्रणाली की निरंतर निगरानी करता है। इससे स्पष्ट होगा कि कौन-सी संस्थाएं नीति के अनुरूप काम कर रही हैं और कहां सुधार की जरूरत है।

### पोर्टल लागू होगा

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि पहले चरण में नीव पोर्टल को विश्वविद्यालयों में लागू किया जा रहा है। इसके बाद महाविद्यालयों और स्कूलों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में इसका विस्तार किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक सभी शैक्षणिक संस्थानों में 100 प्रतिशत एनईपी-2020 अनुपालन और डिजिटल ट्रैकिंग सुनिश्चित करना है।

## कल भारत केसरी दंगल में दम दिखाएंगे नामी पहलवानः गौड़



**गोहाना।** स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में 11 जनवरी को गोहाना में सोनीपत मार्ग स्थित आशीर्वाद गार्डन में भारत केसरी कुश्ती दंगल व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। कुश्ती दंगल व सांस्कृतिक कार्यक्रम हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति द्वारा आयोजित किए जाएंगे। कुश्ती दंगल में देश के नामी पहलवान अपना दम दिखाएंगे। हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति के प्रदेश अध्यक्ष पंडित परशुराम गौड़ ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। गरिमामयी उपस्थिति उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा, पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद प्रयागराज रीता बहुगुणा, कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सुबोध उनियाल, कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सौरभ बहुगुणा, सांसद महेश शर्मा, राज्यमंत्री हरियाणा गौरव गौतम और शिक्षा मंत्री हरियाणा महिपाल ढांडा की रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा करेंगे। पंडित परशुराम गौड़ के अनुसार भारत केसरी कुश्ती दंगल में प्रथम इनाम राशि 2 लाख रुपये, द्वितीय इनाम राशि 1 लाख रुपये एवं तृतीय इनाम राशि 71000 रूपये होगी।

### हैदराबाद में दमखम दिखाने को तैयार हरियाणा के धाकड़ खिलाड़ी

**सोनीपत।** हरियाणा के खेल कौशल का डंका एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर बजने को तैयार है। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में आयोजित होने वाली 41वीं राष्ट्रीय स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए हरियाणा की पुरुष एवं महिला टीमें वीरवार को रवाना हो गईं। खिलाड़ियों के इस जत्थे को जीत के संकल्प के साथ रवाना किया गया। टीम की रवानगी से पूर्व स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हरियाणा, राई (सोनीपत) स्थित में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन की महासचिव बबीता दहिया ने खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयनित सभी पुरुष व महिला खिलाड़ियों को खेल किट वितरित की और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# एचएसवीपी कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के बैनर तले हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर शहर में जुलूस निकाला। उन्होंने लघु सचिवालय में पहुंचकर तहसीलदार कीर्ति को मुख्यमंत्री के नाम अपना ज्ञापन सौंपा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर एक सप्ताह में सरकार ने अपनी मांगों को नहीं पूरा किया तो वह 15 व 16 जनवरी को एचएसवीपी पंचकूला मुख्यालय पर धरना दिया जाएगा। हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन और हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच के कर्मचारी पंचायत भवन में इकट्ठे हुए। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर ने बताया कि वर्ष 2022 में हरियाणा कौशल रोजगार निगम में समायोजित करने वाले रिकॉर्ड सत्यापित करा ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करवाया जाए।

### ये रहे मौजूद

30 अक्तूबर 2025 को उच्च अधिकारियों से यूनियन की वार्ता के दौरान मानी गई मांगों को लागू किया जाये। सभी कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों की आगामी अप्रूवल तुरंत दी जाये और जिनका वेतन रोका गया है उनका वेतन तुरंत जारी किया जाये। इस दौरान महावीर नागरा, ध्रुव कुमार, सुरेश रोहिल्ला, बिजेंद्र रिवाल, राज सिंह शर्मा, अनिल चौहान, सुरेंद्र रंगा, राजकुमार, विजेंद्र शर्मा भी मौजूद रहे।

# मांगों पर सहमति नहीं, आंदोलन तेज करने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

निगम कार्यालय सोनीपत में ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच से जुड़े मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ, सहयोग बलि सेना यूनियन एवं शहरी ठेका सफाई कर्मचारी यूनियन के साझा आंदोलन का आज चौथा दिन रहा। अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की, संचालन शहरी ठेका सफाई कर्मचारी यूनियन के सचिव नवीन चांवरिया ने किया। धरने को संबोधित करते प्रधान मुकेश टांक ने बताया कि हड़ताल के चार दिन पूरे हो चुके हैं।

### तानाशाही रवैये का लगाया आरोप

धरने के दौरान यह आरोप भी लगाया गया कि कटौती की गई राशि नगर निगम के एसआई, सीएसआई और ठेकेदार द्वारा आपस में बांट ली गई। कर्मचारियों ने नगर निगम अधिकारियों पर तानाशाही रवैये का आरोप लगाते हुए आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी दी। यूनियन ने कहा कि यदि शहर में गंदगी बढ़ती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। धरने में मुकेश कर्मा, रविंद्र, युधिष्ठिर, रितेश, सोनू, सावन कुमार, राहुल, प्रवीण, रिंकू, राकेश, सुनील, माया, सुनीता, पिंकी, प्रमिला, अंजू, मंजू सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

**सुविधा** विधायक ने कई बार विधानसभा में प्रमुखता से उठाया था मामला

# 7.59 करोड़ से चकाचक होंगी सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बरोदा विधानसभा क्षेत्र में मार्केटिंग बोर्ड के अंतर्गत आने वाली सड़कों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा 7 करोड़ 59 लाख 26 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि से क्षेत्र में 35.60 किलोमीटर लंबी सडक़ों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण होगा। शुक्रवार को यह जानकारी बरोदा हलका के कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल ने दी। विधायक के अनुसार बरोदा हलका क्षेत्र में मार्केटिंग बोर्ड के अंतर्गत आने वाली कई सड़कों की हालत जर्जर हो चुकी थी। सड़कें टूटी होने से लोगों को आने-आने और अनाज मंडियों में जीनस ले जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सड़कों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण की मांग को उनके द्वारा कई बार विधानसभा में प्रमुखता से उठाया गया और मार्केटिंग बोर्ड विभाग के उच्च अधिकारियों से निरंतर बैठकें करके क्षेत्र के आवश्यक विकास कार्यों को स्वीकृति दिलवाने के लिए प्रभावी प्रयास किए। इसके बाद अब सरकार द्वारा सड़कों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण के लिए 7 करोड़ 59 लाख 26 हजार रुपये की राशि मंजूर की गई है। सड़कों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण से आवागमन सुगम होगा और लोगों को राहत मिलेगी।



विधायक इंदुराज नरवाल।

**इन सड़कों पर इतनी राशि खर्च**

ईशापुर खेड़ी से सिवानामाल तक 5.52 किलोमीटर लंबी सडक़ की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण पर 88 लाख 76 हजार रुपये, सिरसाढ़ से सिवानका तक 4.50 किलोमीटर लंबी सड़क पर 1 करोड़ 8 लाख 50 हजार रुपये, मदीना से भंडेरी तक 2.14 किलोमीटर लंबी सडक़ पर 83 लाख 97 हजार रुपये, जसराना से रिठाल वाया गिवाना 6.70 किलोमीटर लंबी सडक़ पर 1 करोड़ 35 लाख 29 हजार रुपये, रिंढाणा से छपरा तक 2.00 किलोमीटर लंबी सडक़ पर 63 लाख 38 हजार रुपये, कटवाल से मोई हुड्डा तक 3.50 किलोमीटर लंबी सडक़ पर 75 लाख 27 हजार रुपये, खानपुर खुर्द से गोहाना–जींद मार्ग तक 3.20 किलोमीटर लंबी सडक़ पर 64 लाख 60 हजार रुपये, कटवाल से बलि ब्राह्मण इंजीनियरिंग कॉलेज तक 3.64 किलोमीटर लंबी सडक़ पर 66 लाख 52 हजार रुपये और हुड्डा वाला से जागसी (बिचपड़ी माइनर सर्विस रोड) तक 4.40 किलोमीटर लंबी सडक़ पर 72 लाख 93 हजार रुपये खर्च होंगे।

## खबर संक्षेप



### प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते 2 पदक

**खरखौदा।** भिवानी में आयोजित हरियाणा जूनियर राज्य जूडो चैंपियनशिप में प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में पारस कौशिक (100 किग्रा भार वर्ग) व स्नेहा बल्हारा (70 किग्रा भार वर्ग) ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। पदक जीतकर विद्यालय लौटने पर दोनों खिलाड़ियों का स्कूल परिसर में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, डॉ. दीपिका दहिया व जूडो कोच मोहित पंवार ने खिलाड़ियों का माला पहनाकर स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्राचार्या दया दहिया ने कहा कि शिक्षा किसी भी विद्यार्थी के जीवन की मजबूत नींव होती है, वहीं खेल उस नींव को आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और मानसिक-शारीरिक मजबूती प्रदान करते हैं। हमारा विद्यालय इस बात में दृढ़ विश्वास रखता है कि शिक्षा और खेल एक-दूसरे के पूरक हैं, विरोधी नहीं।



### जरूरतमंदों को गर्म जर्सियां वितरित की

**सोनीपत।** वरिष्ठ नागरिक परिषद सोनीपत की ओर से गांव पांची जाटान, नैना ततारपुर तथा आईटीआई चौक क्षेत्र में महिलाओं व पुरुषों के लिए गर्म शालें, उनके आश्रितों के लिए गर्म जर्सियां, टोपियां और फलों का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य का उद्देश्य सर्दी के मौसम में जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाना रहा। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य संरक्षक वेदपाल आर्य, प्रधान बलदेवराज आहुजा और महासचिव सुभाष वशिष्ठ की अगुवाई में किया गया। परिषद की ओर से करीब 700 गर्म शालें, गर्म जर्सियां, गर्म टोपियां तथा फल वितरित किए गए। वितरण के दौरान लाभार्थियों के चेहरों पर संतोष और खुशी देखने को मिली। संस्था के उप संयोजक हरभगवान रहेजा ने कहा कि सर्दी के मौसम में कोई भी व्यक्ति ठंड से परेशान न हो, इसी उद्देश्य से परिषद लगातार सेवा कार्य कर रही है और यह प्रयास हर जरूरतमंद तक पहुंचाने का संकल्प है।

### अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**गन्नौर।** उपायुक्त सुशील सारवान ने भारतीय अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने लंबित मुद्दों का शीघ्र समाधान करने पर जोर दिया। बैठक में मंडी से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान छुटी हुई भूमि के टुकड़ों के अधिग्रहण, श्मशान घाट के स्थानांतरण, वाल्मीकि आश्रम और शिवाजी महाराज मंदिर से संबंधित मामलों पर विचार-विमर्श हुआ। इसके साथ ही टेहा गांव के आसपास की बस्तियों के अपशिष्ट जल निकासी और अतिक्रमणकारियों के पुनर्वास जैसे जनहित के मुद्दे भी बैठक में उठाए गए।


हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028